>

Title: Regarding acquisition of land of Swadeshi Mining and Manufacturing Company Limited in Maharajganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वदेशी माइनिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की इकाई गणेश शुगर मिल, आनंदनगर है । माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय 12 अगस्त 1988 के द्वारा कंपनी के समस्त चल व अचल संपत्ति भारत सरकार में समाहित हो गई, इसका नियंत्रण एनटीसी में चला गया । 9 मई 2017 से स्वदेशी माइनिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा लिक्विडेशन में भेजा गया है । इस कंपनी की संपत्तियों में 36 एकड़ में मिल परिसर, 634 एकड़ चेहरी कृषि फार्म, 105 एकड़ बागापार कृषि फार्म व 18 एकड़ औद्योगिक भूमि, खलीलाबाद में है जिसकी कीमत 1000 करोड़ रुपये है । महज 35- 40 करोड़ रुपए की देनदारियों के लिए 1000 करोड़ रुपए की संपत्ति को लिक्विडेशन में जाने का कोई औचित्य नहीं है ।

मेरा अनुरोध है कि सरकार इस कंपनी की देनदारी का भुगतान करके, कंपनी की भूमि को अपने कब्जे में लेने का विचार करे ।